**Module 3 – बजट बनाना (Budgeting) ACTIVITY SHEET 3-6 अपना व्यक्तिगत बजट बनाना (Making your own budget)**

**सटेप 1 -.** त्यारी करो। ज़रुरत अनुसार सारे पेपर ईकट्ठे करो। जिस में शामिल हैं:

- वेतन की रसीदें (पे-सटब)
- सरकारी चैकों की रसीदें या डायरैक्ट डिपाज़िट के नोटिस
- रसीदें
- बिल
- बैंक और करैडिट कार्ड के ब्योरे
- लोन के कागज़ात

**सटेप 2 – आय.** एक महीने की सारी आय के साधनों की सूची बनाएं। एक महीने में आप हर एक साधन से जो प्रापत करते हैं उस को जमा करो। यह आप की कुल मासिक आय है।

**सटेप 3 – खर्च.** खर्च की सारी श्रेणीयों की सूची त्यार करो। पहले निर्धारित खर्चों की राशी भरो। यह आमतौर पर बिलों के खर्च होते हैं और हर महीने एक जैसे रहते हैं। उस कें बाद अंदाजा लगाने की कोशिश करो कि आप अस्थाई श्रेणीयों पर कितना खर्च करेंगे।

**मौसम अनुसार खर्च:** ईस में शामिल हैं सलाना बीमे की कीमत, वापिस स्कूल जाने के लिए बच्चों के कपड़े या छुट्टीयों के लिए तोहफे। ईस श्रेणी के लिए पूरे वर्ष में खर्च होने वाली राशी को 12 हिस्सों में बाँट कर प्रति महीने की औसत निकाल लो। ईस को स्थाई खर्च की तरह अपने मासिक बजट में शामिल करो।

**उदाहरण:** जैसे आप कार के बीमे के लिए 800 डालर का बिल हर वर्ष प्रापत करते हैं। 800 डालर को 12 के साथ विभाजित करो। आप के पास 66.67 डालर रह जाएंगे। कार के लिए यह आप का मासिक स्थाई खर्च है।

**पहले अपने लिए भुगतान करो:** यदि आप किसी उद्देशय के लिए पैसे बचाना चाहते हैं, तो उस की कुल कीमत को जितने महीनों में पूरा करना चाहते हैं, उस नम्बर के साथ विभाजित करो। इस राशी को अपने बजट के स्थाई खर्च में शामिल करो।

**उदाहरण:** डेढ साल में आप एक नया कम्पयूटर खरीदना चाहते हैं। यह आप को 1000 डालर में पड़ेगा। ईस को आप 18 महीनों के साथ विभाजित करो। ईस तरह यह राशी 55.56 डालर प्रती महीना रह जाती है। बजट में यह आप के उद्देशय की पूर्ती के खर्च के लिए स्थाई मासिक बचत है।

**बचतों के नुस्खे:** आप मौसमी खर्च और उद्देशय के लिए बचत की रकम को खर्च के खाते में से निकाल कर एक अलग बचत खाते में डाल दीजिए। यदि आप इस तरह हर महीने करेंगे तो पैसे इकट्ठे होने शुरु हो जाएंगे। इस तरह जब आप को खर्च करने की जरुरत हो तो इस में से पैसे मिल जाएंगे।

**सटेप 4 – हिसाब करो**

महीने के अपने सारे खर्च जमा करो। इस राशी को महीने की कुल आय में से घटा दो। क्या कोई पैसा बचा है? या आप आय से अधिक खर्च कर रहे हैं?

**सटेप 5 – अपने बजट पर दोबारा विचार करें**

यदि आप के खर्च आय से अधिक हैं तो ईमानदारी और वास्तविकता के साथ सोचो। आप खर्चों में कहाँ कटौती कर सकते हैं? कहाँ से आप आय को बढ़ा सकते हैं? क्या आप को अपनी बचत के उद्देशय बदलने चाहिए?